प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

29.06.2025 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन आईएलओ ने भारत की समाजिक सुरक्षा योजनाओं की परिवर्तकारी यात्रा की सराहना की।

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति के तहत राज्य सेवा के अधिकारियों के खिलाफ विचाराधीन 38 मामलों का निपटारा किया।

- राज्य में मॉनसून की रफ्तार थोडी धीमी हुई–2 जुलाई से बारिश की गतिविधियों में फिर बढोतरी के आसार।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट दमूेवदंपतण्हवअण्पद और मोबाइल ऐप न्यूज़ऑनएआईआर पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारण किया जाएगा।

0000

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत की। श्री मोदी ने कहा कि आप भारत से भले ही बहुत दूर हैं, लेकिन करोडों भारतीयों के दिल के बेहद करीब हैं। आपकी यात्रा एक नए युग के शुभारम्भ का प्रतीक है। उन्होनें कैप्टन शुक्ला को उनके मिशन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

.......

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि उन्हें भारत का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए कैप्टन शुक्ला ने कहा कि बचपन में कभी नहीं सोचा था कि वह अंतरिक्ष यात्री बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज का भारत लोगों को अपने सपने साकार करने का अवसर दे रहा है।

0000

आज राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस है। ये दिन हर साल प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में अग्रणी थे। सांख्यिकी दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। सांख्यिकी विभाग के निदेशक विनेश सिंघवी ने बताया कि इस वर्ष की थीम राष्ट्रीय सैम्पल सर्वे के 75 वर्ष रखी गई है। उन्होंने बताया कि इस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में सांख्यिकी वार्षिक प्रकाशन और राजस्थान के सतत विकास लक्ष्यों पर रिपोर्ट जारी की जाएगी। इसके साथ ही एसडीजी पर वेबसाइट 2.0 की भी शुरूआत की जाएगी। इस अवसर पर राज्य स्तरीय सांख्यिकी अवॉर्ड भी प्रदान किये जाएंगे। वहीं जिलों में कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा।

0000

भारत ने सामाजिक सुरक्षा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2015 में 19 प्रतिशत लोगों को इस का लाभ मिल रहा था जो साल 2025 में बढ़कर 64 दशमलव 3 फीसदी हो गया है। इस क्षेत्र में 94 करोड़ से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में लाया जा चुका है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन–आईएलओ ने अपने डेटाबेस पर एक दशक में हुई इस अभूतपूर्व बढोतरी को स्वीकार किया है। सामाजिक सुरक्षा के माध्यम से वृद्धावस्था, बीमारी, बेरोजगारी, दिव्यांगता, मातृत्व और कमाने वाले की मृत्यु के समय, स्वास्थ्य सेवा और आय सुरक्षा सुनिश्चित होती है। भारत की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था में बीमा, कल्याण भुगतान और भोजन और आश्रय सुरक्षा लाभ शामिल हैं। श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोशल मीडिया पोस्ट में आईएलओ के महानिदेशक गिल्बर्ट हौंगबो के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने मजबूत और समावेशी सामाजिक सुरक्षा नेटवर्क बनाने में भारत की परिवर्तनकारी यात्रा को मान्यता दी और उसकी सराहना की।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति के तहत सख्त कदम उठाये है। उन्होंने राज्यसेवा के अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अभियोजन स्वीकृति तथा अन्य बिन्दुओं के 38 मामलों का निस्तारण किया है। मुख्यमंत्री ने लम्बे समय से गैर हाजिर रहने और भ्रष्टाचार के दो प्रकरणों में सेवारत अधिकारियों को पद से हटाने का निर्णय लिया है। वहीं सात अफसरों के खिलाफ अभियोजन चलाने की मंजूरी दी है। इसी तरह 11 सेवारत अधिकारियों की वार्षिक वेतन वृद्धियां रोके जाने वहीं 9 अधिकारियों की पूरी और आंशिक पेंशन रोके जाने की कार्यवाही की है।

0000

देश में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने के उपायो पर चर्चा के लिए कल सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की बैठक होगी। नई दिल्ली के भारत मंडपम में होने वाली इस मंथन बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे। इस दौरान अनाज भण्डारण, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना सहित अन्य पहलो पर चर्चा की जायेगी। प्रदेश के सहकारिता विभाग ने सहकार से समृद्धि के ध्येय को पूरा करने के लिए उदयपुर में बाइक ऑन रेंट सेवा को–ऑप राइड की शुरूआत की है। सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने कल इसका शुभारम्भ किया। इस अवसर पर श्री दक ने कहा कि ये सेवा शहरवासियों और पर्यटकों के लिए किफायती परिवहन का विकल्प प्रदान करेगी। सहकारिता मंत्री ने उदयपुर में सहकारी उपभोक्ता थोक भंडार के नये सुपरमार्केट का भी लोकार्पण किया। इसके जरिये उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर अच्छी गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री मिल सकेगी।

0000

श्रीगंगानगर में राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड के फॉर्म जेतसर की ओर से किसानों को मूंग, मोठ, ग्वार के प्रमाणित बीज उपलब्ध करवाये जा रहे है। हमारे संवाददाता ने बताया कि किसान ऑनलाईन सुविधा से बीज घर बैठे भी मंगवा सकते है।

0000

राज्य में मॉनसून की रफ्तार थोडी धीमी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार 2 जुलाई से बारिश की गतिविधियों में फिर बढोतरी के आसार है। हालांकि विभाग ने प्रदेश के 24 जिलों में अगले चार दिन तक बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच जालौर में आज रिमझिम बारिश का दौर जारी है। वहीं कल सीकर, अलवर, भरतपुर, करौली और धौलपुर सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज हुई। राज्य के पश्चिमी जिलों में बारिश की गतिविधियों में कमी के साथ ही गर्मी ने जोर पकडा है। कल श्रीगंगानगर में दिनभर तेज गर्मी और उमस का असर रहा। अधिकतम तापमान 41 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस मापा गया।

0000

भरतपुर के घना स्थित केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान और आसपास का क्षेत्र हजारों पक्षियों का आशियाना बना हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इनमें सुदूर देशों से आने वाले ओपन बिल स्टॉर्क भी शामिल है। ये पक्षी स्थानीय नागरिकों के साथ पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र बने हुए है।

**0000**

भारत को साल 2029 के लिए वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स की मेजबानी मिली है। इन खेलों का आयोजन भारत में पहली बार होगा। ये गुजरात के अहमदाबाद में होंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने इसे प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का अवसर बताया है। वर्ष 1985 से विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल हर दो साल में एक बार आयोजित किये जाते है।

**0000**